भारत सरकार
रेल मंत्रालय

राज्य सभा
13.12.2024 के
अतारांकित प्रश्न सं. 2204 का उत्तर

उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में चल रही रेलवे परियोजनाएं

2204. श्री बीरेन्द्र प्रसाद बैश्य:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) असम सहित उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में चल रही रेलवे परियोजनाओं का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) इन परियोजनाओं के लिए कितनी धनराशि आबंटित की गई है; और

(ग) इन परियोजनाओं के संबंध में अब तक क्या प्रगति हुई है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग): रेल परियोजनाओं का सर्वेक्षण/स्वीकृति/निष्पादन राज्य-वार नहीं, बल्कि क्षेत्रीय रेल-वार किया जाता है क्योंकि रेल परियोजनाएं राज्य की सीमाओं के आर-पार फैली हो सकती हैं। रेल परियोजनाएं लाभप्रदता, यातायात अनुमान**,** अंतिम स्थान पहुंच संपर्कता, अनुपलब्ध कड़ियों और वैकल्पिक मार्गों, संकुलित/संतृप्त लाइनों के विस्तार, राज्य सरकारों, केंद्रीय मंत्रालयों, संसद सदस्यों, अन्य जन प्रतिनिधियों द्वारा उठाई गई मांगों, रेलवे की अपनी परिचालनिक आवश्यकताओं**,** सामाजिक-आर्थिक महत्व आदि के आधार पर स्वीकृत की जाती हैं, जो चालू परियोजनाओं के थ्रोफॉरवर्ड तथा धन की समग्र उपलब्धता पर निर्भर करता है।

दिनांक 01.04.2024 की स्थिति के अनुसार**,** असम राज्य सहित पूर्वोत्तर क्षेत्र में पूर्णत:/अंशतः पड़ने वाली 1,368 किलोमीटर कुल लंबाई वाली 74,972 करोड़ रु. लागत की 18 रेल परियोजनाएं (13 नई लाइन, 05 दोहरीकरण) हैं जो योजना और कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं जिनमें से 313 किलोमीटर लंबाई को कमीशन कर दिया गया है और मार्च 2024 तक 40,549 करोड़ रु. का व्यय किया गया है कार्यों की स्थिति का सार निम्नानुसार है:

कार्यों की स्थिति का सार निम्नानुसार है:

योजना शीर्ष	परियोजनाओं की संख्या	कुल लंबाई (किमी. में)	कमीशन की गई लंबाई (किमी. में)	मार्च 2024 तक व्यय (करोड़ रुपए में)
नई लाइन	13	896	81	34616
दोहरीकरण	5	472	232	5933
कुल	**18**	**1368**	**313**	**40549**

लागत, व्यय और परिव्यय सहित सभी रेल परियोजनाओं का क्षेत्रीय रेल-वार/वर्ष-वार ब्यौरा भारतीय रेल की वेबसाइट पर सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराया गया है।

असम राज्य सहित पूर्वोत्तर क्षेत्र में पूर्णत:/अंशतः पड़ने वाली अवसंरचना संबधी परियोजनाओं हेतु और औसत बजट आवंटन का ब्यौरा निम्नानुसार हैः

अवधि	परिव्यय
2009-14	2,122 करोड़ रु. प्रति वर्ष
2024-25	10,376 करोड़ रु. (लगभग 5 गुना)

असम राज्य सहित पूर्वोत्तर राज्य क्षेत्र में पूर्णत:/अंशत: पड़ने वाली अवसंरचना संबंधी परियोजनाओं की कमीशनिंग निम्नानुसार है:

अवधि	कमीशन किए गए नए रेल पथ	नए रेलपथ की औसत कमीशनिंग
2009-14	333 किलोमीटर	66.6 कि.मी./वर्ष
2014-24	1728 किलोमीटर	172.8 कि.मी./वर्ष (लगभग 3 गुना)

किसी रेल परियोजना का पूरा होना राज्य सरकार द्वारा त्वरित भूमि अधिग्रहण, वन विभाग के पदाधिकारियों द्वारा वानिकी स्वीकृतियां, लागत भागीदारी परियोजनाओं में राज्य सरकार द्वारा लागत में अपना हिस्सा जमा करना, परियोजनाओं की प्राथमिकता, अतिलंघनकारी जनोपयोगी सेवाओं का स्थानांतरण, विभिन्न प्राधिकरणों से सांविधिक स्वीकृतियां, क्षेत्र की भूविज्ञानी और स्थलाकृतिक परिस्थितियां, परियोजना स्थल के क्षेत्र में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति, जलवायु परिस्थितियों के कारण परियोजना स्थल विशेष के लिए वर्ष में कार्य करने के महीनों की संख्या आदि जैसे विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है।

रेल परियोजनाओं के त्वरित अनुमोदन और कार्यान्वयन के लिए सरकार द्वारा उठाए गए विभिन्न कदमों में (i) गति शक्ति इकाइयों की स्थापना (ii) परियोजनाओं की प्राथमिकता (iii) प्राथमिकता वाली परियोजनाओँ पर निधियों के आवंटन में पर्याप्त वृद्धि (iv) फील्ड स्तर पर शक्तियों का प्रत्यायोजन (v) विभिन्न स्तरों पर परियोजना की प्रगति की गहन निगरानी और (vi) शीघ्र भूमि अधिग्रहण, वानिकी अवं वन्यजीव संबंधी मंजूरी हेतु राज्य सरकारों और संबंधित प्राधिकारियों के साथ नियमित संपर्क बनाए रखने और परियोजनाओं से संबंधित अन्य मामलों के समाधान के लिए नियमित अनुवर्ती कार्रवाई करना शामिल है। इससे वर्ष 2014 से कमीशनिंग की दर में पर्याप्त वृद्धि हुई है।

*****